सिरहा पंचायत :- “EDUCATE YOURSELF”

सिरहा पंचायत को एक मॉडल पंचायत के रूप में जो परिवर्तित करने का संकल्प लिया गया है, इसमें शिक्षा का एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी. इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु गाँव के नौजवानों ने बहुत ही सकारात्मक कदम बढाया है.शिक्षा की इस लौ को आगे बढ़ाने में पंचायत के ही पवन कुमार एवं रीना कुमारी ने साथ मिलकर एक अंजाम तक पहुँचाने का सकारात्मक प्रयास कर रहे है. अभी लगभग 300 बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है. शुरुआत में बच्चों को अनुशासन के साथ व्यवहार ज्ञान की शिक्षा दी जा रही है. अगर पंचायत को विकसित करना है तो बच्चों को पहले अनुशासन के साथ रहन-सहन व् बातचीत करने का ज्ञान देना बहुत जरुरी है और यही कार्य हमारे पवन जी एवं रीना जी कर रही है.लेकिन इस प्रयास में और लोगो को आने की सख्त जरुरत है.

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में यह पहल इसे जड़ से ख़त्म करने में एक बड़े हथियार के रूप में काम करेगा. कम-से-कम अभी के पीढ़ी को नहीं सम्भाल सकते तो ये जो पीढ़ी 10 वर्ष में तैयार होंगे, सम्भाल तो सकते है.यही कार्य पंचायत के नौजवान कर रहे है . अब इस कार्य में सत्यप्रकाश,उपेन्द्र कुमार,अभिनव कुमार ,पृथ्वीराज आदि अपनी महत्वपूर्ण भूमिका दे रहे है.पवन कुमार अपने वाक्यकौशल व् ईमानदारीपूर्वक मेहनत इस कार्य को सफलता के बहुत पन्ने गढ़ चुके है.गाँव के बच्चों में पढाई के प्रति एक अलग तरह के रूचि जगा चुके है.